# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्याय–आधारित, विकसित भारत को आकार देने में फोरेंसिक विज्ञान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। आज गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने एक विकसित भारत के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला जो भारतीय विरासत को आधुनिकता के साथ जोड़ता है, सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करता है।

*******************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज इस बात पर जोर दिया कि देश समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है। श्री बिरला ने नई दिल्ली में बदलते परिदृश्य को अपनाना मेरा विकसित भारत–2047 विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए, इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार वित्तीय कानूनों को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में कैसे काम कर रही है। श्री बिरला ने कहा कि भारत में अब बेहतर निवेश का माहौल है और निवेशक निवेश के लिए देश की ओर देख रहे हैं।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज नई दिल्ली में यूरोपीय आयोग के रक्षा और अंतरिक्ष आयुक्त एंड्रियस कुबिलियस के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, उन्होंने हिन्दप्रशांत क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों और सूचना साझा करने पर ध्यान केंद्रित किया तथा द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग, विशेष रूप से भारत में संयुक्त परियोजनाओं और सह–उत्पादन के अवसरों में यूरोपीय रक्षा कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी बात की।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज लगभग 29 हजार सरकारी स्कूलों को टैब देने की योजना का शुभारंभ किया। टैब वितरण के साथ स्कूलों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने और शिक्षकों के 50 घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण योजना की भी शुरुआत की गयी। मुख्यमंत्री आज राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की भी शुरुआत करेंगे।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आर्थिक सर्वेक्षण प्रतिवेदन सदन में पेश किया गया। सत्र की शुरुआत प्रश्नकाल से हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले **सीएजी रिपोर्ट** पर जमकर राजनीतिक ब्यानबाजी भी हुई। विधायक नागेंद्र महतो ने गैर मजरूवा जमीन की बंदोबस्ती का मुद्दा उठाया, जिस पर भू–राजस्व मंत्री ने 15 दिन में जांच का आश्वासन दिया।

*******************

गढ़वा जिले में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा रहा है.। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

हजारीबाग जिले को टीवी मुक्त बनाने के लिए 100 दिन का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सदर अस्पताल में मीडिया कर्मियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। जिला टीवी पदाधिकारी डॉक्टर आरके जायसवाल ने बताया कि टीवी का इलाज संभव है और संदिग्ध लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के सिद्धो–कान्हू स्टेडियम के पास नवनिर्मित साइंस सेंटर का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती ने किया। इस साइंस सेंटर से विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान की समझ मिलेगी। इसके साथ ही सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक **अफ्रेसिस मशीन** स्थापित की गई, जो डेंगू और थैलेसीमिया जैसे मरीजों के लिए जीवनरक्षक होगी।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर पश्चिम इलाके में आज से फिर मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आज और कल पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही रांची और अन्य जिलों में बादल छाए रह सकते हैं।

************